# अपनी बात

अंक : 503 वर्ष 40
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका
राँची, 30 अप्रैल, 2016

## कोयला सचिव ने कर्मियों को सम्मानित किया

विगत 11 अप्रैल को दरभंगा हाउस के ''विचार मंच'' में ''श्रम सम्मान समारोह : 2015–16'' का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि, श्री अनिल स्वरूप, सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने सी.सी.एल. कमांड क्षेत्रों से आए कर्मियों को उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए सम्मानित किया।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कोयला सचिव श्री अनिल स्वरूप ने कहा कि सी.सी.एल. प्रगति के पथ पर सतत् अग्रसर है और यह सब सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह के नेतृत्व में हो रहा है। इस अवसर पर कोयला सचिव ने कोयला उत्पादन, क्षमता उपयोगिता, मशीन उपलब्धता और उपयोगिता आदि वर्गों में विभिन्न कमांड क्षेत्रों एवं परियोजनाओं को श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन हेतु शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

अवसर विशेष पर सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने कोयला सचिव श्री अनिल स्वरूप एवं सलाहकार, कोयला मंत्रालय श्री डी.एन. प्रसाद का सी.सी.एल. वृहद् परिवार की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि सी.सी.एल. ने लगातार दूसरे वर्ष ''डबल डिजिट ग्रोथ'' ही नहीं हासिल किया है बल्कि अपने लक्ष्य 60.6 मिलियन टन से भी ज्यादा 61.32 मिलियन टन उत्पादन कर कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोयला उद्योग एवं सी.सी.एल. के



उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए कर्मियों को सम्मानित करते कोयला सचिव श्री अनिल स्वरूप

इस अप्रतिम उपलब्धि के पीछे माननीय कोयला (सचिव) का मार्गदर्शन, नेतृत्व क्षमता, निर्देश और सहयोग का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

अवसर विशेष पर सलाहकार, कोयला मंत्रालय श्री डी.एन. प्रसाद, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, सभी क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक सहित मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष तथा सी.सी.एल. कर्मी भी उपस्थित थे।

## 125वीं अंबेडकर जयंती



बाबा साहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएमडी सीसीएल एवं अन्य गणमान्य

विगत 14 अप्रैल को गांधीनगर अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, सी.एम.डी श्री गोपाल सिंह ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प प्रदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि डॉ. अंबेडकर आज भी समस्त मानव जाति को एकता के सूत्र में पिरोते हैं, आइये हम सभी बाबा साहब के सपनों का समाज बनाने के लिए मिल–जुल कर प्रयास करें, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अवसर विशेष पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र (विशिष्ट अतिथि) तथा सीसीएल के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी एम्प्लॉइज को–ऑर्डिनेन्स कौंसिल के प्रतिनिधियों, चिकित्सक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

## रोजगार मेला

सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह की पहल पर जनवरी माह में सीसीएल मुख्यालय के ''विचार मंच'' में एमएसडीसी, बरकाकाना के पहले बैच में प्रशिक्षित 44 प्रशिक्षित नवयुवकों के लिए ''प्लेसमेंट'' का आयोजन किया गया था। इसी पहल के दूसरे चरण में 08 अप्रैल को पुनः मुख्यालय के ''विचार मंच'' में ''रोजगार मेला'' का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में पहले एवं दूसरे बैच के लगभग 70 युवाओं ने भाग लिया। रोजगार मेले में कोलकता, रांची बोकारो, धनबाद आदि जगहों से 18 कंपनियों ने हिस्सा लिया एवं चयन किया।

## ऊंची उड़ान लगाते ''सी.सी.एल. के लाल''



सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह सीसीएल के लाल और शिक्षकों के साथ

सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने ''सी.सी.एल. के लाल'' के सभी 17 विद्यार्थियों को आई.आई.टी. प्रवेश परीक्षा के पहले चरण में सफलता प्राप्त करने पर बधाईयां दी एवं अगले चरण यानि मुख्य परीक्षा (JEE Advance) में सफलता प्राप्त करने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया।

## सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव




विचार मंच में परम्परागत रूप से सरहुल महोत्सव मनाते सीसीएल कर्मी

विगत 08 अप्रैल को ''विचार मंच'' में सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन मुख्यालय सरना समिति द्वारा किया गया। अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व भारतीय पुलिस सेवा, डॉ. अरूण उरांव ने भी सभी को सरहुल की शुभकामनाएं दी।

## 58वाँ वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

विगत 20 अप्रैल को आरा स्टेडियम (कुजू क्षेत्र) के प्रांगण में 58वाँ वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह–2015 पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह के मुख्य अतिथि डी.जी.एम.एस. के उप–महानिदेशक, खान सुरक्षा,



वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि श्री पी. रंगनाथेश्वर, श्री पी. के. तिवारी, श्री डी. के. घोष एवं अन्य अतिथिगण

धनबाद एवं द.पू. जोन, रांची के श्री पी. रंगनाथेश्वर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संजीवन राय उप–महानिदेशक खान–सुरक्षा धनबाद, सी.सी.एल. के निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री पी.के. तिवारी, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, मुख्य–महाप्रबंधक (सेफ्टी) श्री सुमित घोष, सी.आई.एल. सेफ्टी बोर्ड के सदस्य एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री पी. रंगनाथेश्वर ने सीसीएल द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में 61.35 एम. टी. कोयला उत्पादन के ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह और उनकी टीम को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन खान सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और आप सभी अपना सर्वश्रेष्ठ कंपनी को दें।

विजेता (खुली खदान) : ग्रुप–ए : अशोका, ग्रुप – बी : झारखण्ड
विजेता (भूमिगत खदान) : भुरकुंडा स्टाल : बरका–सयाल

## फुटबॉल प्रतियोगिता

सी.सी.एल. के बरका–सयाल क्षेत्र में आयोजित ''अखिल भारतीय सार्वजनिक संस्थान फुटबॉल प्रतियोगिता–2016'' का फाईनल मैच, एफ.सी.आई. और ओ.एन.जी.सी. के बीच खेला गया, जिसमें एफ.सी.आई. ने पेनाल्टी शूट आउट कर जीत दर्ज की। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 12 अप्रैल से 18 अप्रैल के बीच खेली गई, जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से आई 13 टीमों ने भाग लिया।




निदेशक (कार्मिक) श्री आर. एस. महापात्र विजयी टीम एफ.सी.आई के साथ

समापन समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। मैन ऑफ द मैच और सबसे अच्छे गोलकीपर का पुरस्कार भारतीय खाद्य निगम के धनंजय अधिकारी को दिया गया जबकि एयर इंडिया के एंडरसन डायस को सबसे ज्यादा गोल करने के लिए पुरस्कृत किया गया। एफ.सी.आई. के कप्तान श्री कमल रावत को ''मैन ऑफ टूर्नामेंट'' के पुरस्कार से नवाजा गया।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)